

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गतजिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM)समिति दिनांक 15.09.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक **दिनांक 15.09.2023** को जिलाधिकारी सहारनपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | |
|---|---|
| 1–मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर | (सदस्य) |
| 2–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 3–प्रभागीय निदेशक एवं वनीकी प्रभाग सहारनपुर अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य। | (सदस्य) |
| 4–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 5–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 6–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 7–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 8–अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 9–अधिशासी अभियन्ता,वाटर रिर्सोसेज/सिंचाई सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 10–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सहारनपुर। | सदस्य सचिव |
| 11–श्री अशोक शर्मा, एस0पी0एम0 मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0) | फर्म प्रतिनिधि |
| 12–श्री भंवर सिंह, पी0एम0, मै0 गायत्री, रैमकी जे0वी0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |
| 13–श्री चन्द्र शेखर, जी0एम0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा अवगत कराया गया है किजल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फेज–2 हेतु मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को चयनित किया गया है तथा फेज–3 हेतु फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को चयनित किया गया है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा फेज–2 एवं फेज–3 के अन्तर्गत कुल 1105 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये जा चुके है जिनमें फर्म मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को 571 नग राजस्व ग्राम एवं फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को 534 नग राजस्व ग्राम आवंटित है।वर्तमान तक 1105 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु 706 नग डी0पी0आर0 विरचित कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति से संस्तुति/स्वीकृति उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 706 नग डी0पी0आर0 की **स्वीकृति राज्य स्तरीय** योजना स्वीकृति समिति **(SLSSC)**से स्वीकृत की जा चुकी है। 706 नग योजनाओं के सापेक्ष 699 नग **(1098 राजस्व ग्राम)** योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये 27 नग कवर अनुबन्ध गठन की **कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। शेष** 07 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा हस्ताक्षर नही किये जाने के फलस्वरूप लम्बित है, जिसके सम्बन्ध में पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रेषित किया जा चुका है। उक्त 07 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जायेगी।




699 नग योजनाओं के कवर अनुबन्ध गठन के सापेक्ष 556 योजनाओं में नलकूप बोरिंग का कार्य प्रारम्भ करते हुये अन्य कार्य यथा गृह संयोजन, वितरण प्रणाली बिछाना, पम्प हाउस बाउन्ड्रीवॉल के कार्य, अवर जलाशय एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्य कराये जा रहे है जिसकी प्रगति का विवरण फर्म वार निम्नानुसार है :–

मैसर्स वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0

फेज–2 के अन्तर्गत मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को आवंटित 127 नग (184 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 127 नग (184 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म की सबलेट एजेन्सी मैसर्स वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा 118 नग (157 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 110 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 1016 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 591 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 91 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 96 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 99 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से 07 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 03 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, 02 नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, 07 नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, 04 योजना में Bottom Dome का कार्य तथा 76 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा 57 नग योजनाओं में पम्प लोअर कर 47 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 04 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य प्रगति में है। 13 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से तथा 34 नग योजनाओं में डी0जी0 के माध्यम से जलापूर्ति की गयी है परन्तु प्रतिदिन जलापूर्ति नही की जा रही है। 70 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर 32 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 67 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 33 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा 70000 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 49157 नग गृह संयोजन क्रियाशील किये गये है।

अवगत कराया गया कि कार्यो की प्रगति बढाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर स्तर पर निरन्तर फर्म को पत्राचार किया जा रहा है परन्तु अभी भी अवर जलाशय, सोलर प्लॉट एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्यों में प्रगति बढाने हेतु मैनपावर की आवश्यकता है। 127 नग योजनाओं में से वर्तमान में 03 नग योजनाओं में भूमि विवाद निस्तारण की कार्यवाही करायी जा रही है। जिलाधिकारी महोदय, अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा जिन योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उनमें गृह संयोजन का कार्य तीव्रता से कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराने के साथ क्रियाशील गृह संयोजन बढाने हेतु निर्देशित किया गया है। फर्म की प्रगति से यह स्पष्ट होता है कि 112 नग योजनाये जिनमें कार्य प्रारम्भ किया गया है उनमें से मात्र 101 नग योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य तथा 100 नग योजनाओं में गृह संयोजन के कार्यो की प्रगति असंतोषजनक है एवं 23 नग योजनाओं में अभी भी पाईप लाईन का कार्य फर्म द्वारा प्रारम्भ नही किया गया है। इसी प्रकार 24 नग योजनाओं में गृह संयोजन, 96 नग योजनाओं में सोलर, 25 नग योजनाओं में अवर जलाशय, 58 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। फर्म द्वारा फेज–2 के कार्यो को लगभग 01 वर्ष हो चुका है परन्तु फर्म द्वारा अभी तक योजनाओं को पूर्ण करने की गति अत्यन्त धीमी एवं असंतोषजनक है जिसके लिये जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा रोष प्रकट करते हुये फर्म को नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त शेष 12 नग योजनाओं जिनमें विवाद का निस्तारण किया जा चुका है उनमें शीघ्र अतिशीघ्र बोरिंग का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0)

मैसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)

फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा Descope करने के उपरांत 251 नग (387 नग राजस्व ग्राम) योजनायें मैसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को आवंटित की गयी है। आवंटित 251 नग (387 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 247 नग (360 नग राजस्व ग्राम) के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म द्वारा 186 नगयोजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 163 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 2289 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 814 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 102 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 85 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 111 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से शून्य नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 36 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, 21 नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, 06 नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, शून्य योजना में Bottom Domeका कार्य तथा 43 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा 45 नग योजनाओं में पम्प लोअर कर 18 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 03 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से तथा 15 नग योजनाओं में डी0जी0 के माध्यम से जलापूर्ति की गयी है परन्तु प्रतिदिन जलापूर्ति नही की जा रही है। 54 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का पूर्ण कर 107 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 19 नग योजनाओं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 116 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा 139000 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 13022 नग गृह संयोजन क्रियाशील किये गये है।

फर्म द्वारा 54 नग योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,परन्तु मात्र 11 नग योजनाओं में टेस्टिंग का कार्य करते हुये क्रियाशील गृह संयोजन उपलब्ध कराये गये है। गृह संयोजन, अवर जलाशय, सोलर प्लॉट एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्यो में प्रगति बढाने हेतु मैनपावर की आवश्यकता है। 251 नग योजनाओं में से वर्तमान में 18 नग योजनाओं में भूमि विवाद निस्तारण की कार्यवाही तहसील एवं जल निगम स्टॉफ द्वारा करायी जा रही है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा जिन योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उनमें गृह संयोजन का कार्य तीव्रता से करते हुये पेयजल आपूर्ति करने के साथ क्रियाशील गृह संयोजन बढाने हेतु निर्देशित किया गया है। फर्म की प्रगति से यह स्पष्ट होता है कि 186 नग योजनाये जिनमें कार्य प्रारम्भ किया गया है उनमें से मात्र 161 नग योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य तथा 135 नग योजनाओं में गृह संयोजन के कार्यो की प्रगति असंतोषजनक है एवं 90 नग योजनाओं में अभी भी पाईप लाईन का कार्य फर्म द्वारा प्रारम्भ नही किया गया है। इसी प्रकार 116 नग योजनाओं में गृह संयोजन, 212 नग योजनाओं में सोलर, 140 नग योजनाओं में अवर जलाशय, 152 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना के कार्य प्रारम्भ नही किये गये है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा असंतोष प्रकट करते हुयें फर्म को नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त शेष 53 नग योजनाओं जिनमें विवाद का निस्तारण किया जा चुका है उनमें शीघ्र अतिशीघ्र बोरिंग का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 बाबा जी0ए0 इन्फा0 जे0वी।)**

मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0)

फेज–3 के अन्तर्गत मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को आवंटित 328 नगयोजनाओं के सापेक्ष 324 नगयोजनाओं के कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये फर्म द्वारा 252 नगयोजनाओं में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 233 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कुल 2672 कि0मी0 पाईप लाईन के सापेक्ष 940 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 146 नग योजनाओं में पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं 144 नग योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य कराये जा रहे है। फर्म द्वारा 164 नग योजनाओं में अवर जलाशय के कार्य प्रारम्भ किये गये है जिसमें से 02 नग अवर जलाशय के कार्य पूर्ण किये जा चुके है, 42 योजनाओं में पी0सी0सी0 का कार्य, 01 नग योजनाओं में फाउन्डेशन का कार्य, 15 नग योजनाओं में स्टेजिंग का कार्य, 01 योजना में Bottom Dome का कार्य, 01 योजना में Top Dome का कार्य तथा 102 नग योजनाओं में खुदाई का कार्य किया गया है। फर्म द्वारा 78 नग योजनाओं में पम्प लोअर कर 60 नग योजनाओं में टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 08 नग योजनाओं में सोलर के माध्यम से तथा 52 नग योजनाओं में डी0जी0 के माध्यम से जलापूर्ति की गयी है परन्तु प्रतिदिन जलापूर्ति नही की जा रही है। 80 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का पूर्ण कर 88 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली के कार्य तथा 66 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर 87 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा 160761 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 88200 नग गृह संयोजन क्रियाशील किये गये है।

फर्म द्वारा 80 नग योजनाओं में पाईप लाईन तथा 66 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु मात्र 60 नग योजनाओं में टेस्टिंग का कार्य करते हुये क्रियाशील गृह संयोजन उपलब्ध कराये गये है। पाईप लाईन, गृह संयोजन, अवर जलाशय, सोलर प्लॉट एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्यो में प्रगति बढाने हेतु मैनपावर की आवश्यकता है। 328 नग योजनाओं में से वर्तमान में 27 नग योजनाओं में भूमि विवाद निस्तारण की कार्यवाही तहसील एवं जल निगम स्टॉफ द्वारा करायी जा रही है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा जिन योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उनमें गृह संयोजन का कार्य तीव्रता से करते हुये पेयजल आपूर्ति करने के साथ क्रियाशील गृह संयोजन बढाने हेतु निर्देशित किया गया है। फर्म की प्रगति से यह स्पष्ट होता है कि 252 नग योजनाये जिनमें कार्य प्रारम्भ किया गया है उनमें से मात्र 168 नग योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य तथा 153 नग योजनाओं में गृह संयोजन के कार्यो की प्रगति असंतोषजनक है एवं 84 नग योजनाओं में अभी भी पाईप लाईन का कार्य फर्म द्वारा प्रारम्भ नही किया गया है। इसी प्रकार

99 नग योजनाओंमें गृह संयोजन, 194 नग योजनाओं में सोलर, 78 नग योजनाओं में अवर जलाशय, 118 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना के कार्य प्रारम्भ नही किये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट करते हुये फर्म को नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त शेष 53 नग योजनाओं जिनमें विवाद का निस्तारण किया जा चुका है उनमें शीघ्र अतिशीघ्र बोरिंग एवं योजना निर्माण का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 एन0के0जी0प्राइमस जे0वी0 I)**

| S.No. | Vidhan Sabha | No. of Schemes | No. of Schemes where work started | Boring | | Pipeline | | FHTC | | OHT | | Solar | | Road Reinstatement | | Water Supply Tested | Land Disputed | | Other Disputed |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed | Inprogress | Completed | Inprogress | Completed | Inprogress | WIP | Completed | WIP | Completed | Completed | Inprogress | | Pending | Inprogress | |
| 1 | Gangoh | 122 | 108 | 106 | 2 | 53 | 36 | 46 | 43 | 81 | 3 | 22 | 11 | 9 | 46 | 42 | 2 | 3 | 11 |
| 2 | Rampur Maniharan | 92 | 78 | 76 | 2 | 33 | 32 | 27 | 27 | 52 | 2 | 11 | 2 | 4 | 32 | 18 | 3 | 5 | 16 |
| 3 | Deoband | 101 | 74 | 68 | 6 | 27 | 26 | 16 | 24 | 48 | 0 | 6 | 0 | 0 | 16 | 12 | 1 | 4 | 15 |
| 4 | Nakur | 145 | 108 | 102 | 6 | 42 | 41 | 35 | 48 | 79 | 2 | 28 | 10 | 11 | 46 | 33 | 9 | 5 | 17 |
| 5 | Saharanpur Dehat | 114 | 86 | 82 | 4 | 21 | 40 | 16 | 42 | 60 | 2 | 14 | 0 | 2 | 36 | 15 | 3 | 6 | 19 |
| 6 | Behat | 132 | 90 | 74 | 16 | 8 | 47 | 10 | 47 | 40 | 0 | 6 | 1 | 0 | 10 | 4 | 4 | 0 | 12 |
| Total | | **706** | **544** | **508** | **36** | **184** | **222** | **150** | **231** | **360** | **9** | **87** | **24** | **26** | **186** | **124** | **22** | **23** | **90** |

समिति द्वारा विधानसभा वार समीक्षा की गयी जिसमे शेष बोरिंग के कार्यो को माह सितम्बर अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि 162 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य किया जाना शेष है जिसमें से 48 नग योजनाओं (25+23) में भूमि की कार्यवाही की जा रही है। शेष 114 नग योजनाओं में अधिकांश योजनाये घाड क्षेत्र की है जिनमें 01 बोरिंग पूर्ण होने में लगभग 20–25 दिन का समय लग रहा है, अतः घाड क्षेत्र की योजनाओं के अतिरिक्त समतल क्षेत्र की लगभग 75 बोरिंग का कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। समिति द्वारा उपरोक्त प्रगति से अवगत होते हुये निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं प्रगति बढाने हेतु निम्नानुसार दिशानिर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत मिरगपुर ब्लॉक देवबन्द में मन्दिर की भूमि पर ही ग्रामवासियों की सहमति से पेयजल योजना के निर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 जी0ए0–बाबा (जे0वी0))**

तहसील सदर में 11, नकुड में 06, रामपुर मनिहारन में 01 एवं बेहट में 04 लम्बित भूमि विवादों को अतिशीघ्र निस्तारित कराये जाने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है। निस्तारित कराये जा चुके भूमि विवादों को सम्बन्धित पोर्टल पर अपडेट कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(समस्त उपजिलाधिकारी, सहारनपुर / अधिशासी अभियन्ता / मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0जे0वी )**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के अधिष्ठापन में फर्मो द्वारा कराये जा रहे बोरिंग की गहराई की जांच करने हेतु समस्त उपजलाधिकारी, समस्त तहसीलदार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

जिन योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उनमें सडक पुर्नस्थापना के कार्यो को दीपावली से पूर्व मानकानुसार पूर्ण करने एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / टीम लीडर, टी0पी0आई0 / मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी I)**

जिन योजनाओं में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है उनमें सडकों को कटर मशीन से ही तोडने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / टीम लीडर, टी0पी0आई0 / मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी I)**

अवर जलाशय के निर्माण की प्रगति अत्यन्त धीमी है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट करते हुये फर्मो को निर्देशित किया गया कि सितम्बर माह के अंत तक 25 अवर जलाशय, 15 अक्टूबर तक 45 एवं अक्टूबर माह के अंत तक 65 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कराये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

वितरण प्रणाली बिछाने एवं गृह संयोजन अधिष्ठापन की प्रगति अत्यन्त धीमी है जिस पर समिति द्वारा रोष प्रकट करते हुये प्रगति बढाये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया हैं।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर की रैकिंग परफोमर्स श्रेणी में है समिति द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र जनपद सहारनपुर को कार्य की प्रगति को बढाकर अचिवर्स श्रेणी में लाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत समस्त फर्मो को मैनपावर बढाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि समयानुसार कार्यो को पूर्ण किया जा सकें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

फर्म मै0 एन0के0जी0 द्वारा 262 किमी0 सडक पुर्नस्थापना के सापेक्ष 45 किमी0 मात्र ही सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है। जिसके कम में उक्त फर्म को 10–15 अतिरिक्त टीम बढाते हुये सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करायें जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजना के अवर जलाशय के निर्माण हेतु मात्र खुदाई का कार्य कराकर निर्माणाधीन अवर जलाशय में सम्मिलित नही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिन पेयजल योजनाओं में बोरिंग, गृह संयोजन, पाईप लाईन बिछाने, एवं पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उनमें सोलर अधिष्ठापित कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिन ग्रामों में किसी अन्य योजना के अन्तर्गत पानी की टंकी बनी है एवं पूरे गांव में पानी की आपूर्ति सही प्रकार से की जा रही है उन ग्रामों की टी0पी0आई0 के माध्यम से टीम गठित कर जांच कराते हुये अग्रिम जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में प्रस्ताव पास कराकर जल जीवन मिशन से हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/टीम लीडर, टी0पी0आई0 )**

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बैठक का समापन किया गया।

| क्र०सं० | सदस्य | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य विकास अधिकारी | |
| 2 | जिला विकास अधिकारी | |
| 3 | प्रभागीय सामाजिकी एवं वानिकी प्रभाग अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य | |
| 4 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी | |
| 5 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता, अपर पूर्वी यमुना खण्ड, सिचांई विभाग, सहारनपुर | |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | |
| 8 | जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी | |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता, ग्राउन्ड वाटर, सहारनपुर | |
| 10 | सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, सहारनपुर | |

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

3–संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

4–मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

5–मुख्य अभियन्ता (मे0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मेरठ।

6–मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।

7–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर।

8–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर।

9–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर।

10–प्रभागीय सामाजिकी एवं वानिकी प्रभाग अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य।

11–अधिशासी अभियन्ता, अपर पूर्वी यमुना खण्ड, सिचांई विभाग, सहारनपुर।

12–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

13–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर।

14–जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर।

15–अधिशासी अभियन्ता, ग्राउन्ड वाटर, सहारनपुर।

16– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, सहारनपुर।

17–समस्त उपजिलाधिकारी।

18–समस्त खण्ड अधिकारी।

19–टी0पी0आई0 / डी0पी0एम0यू0 सहारनपुर।

20–मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0 / मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 / मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।